## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक 31 मार्च को

**रायगढ़।** अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं समस्याओं के समाधान एवं सुझाव हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक 31 मार्च 2023 को दोपहर 12 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### पेंशन/वेतन निर्धारण की जांच हेतु त्रैमासिक शिविर का आयोजन

**मई, अगस्त व नवम्बर में लगेंगे शिविर**

**रायगढ़।** कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर के द्वारा जिला रायगढ़ के अधिकारियों/कर्मचारियों के हित एवं कार्यालयीन सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पेंशन/ वेतन निर्धारण की जांच हेतु त्रैमासिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत माह मई में 22 एवं 23 मई को, माह अगस्त में 21 एवं 22 अगस्त को तथा माह नवम्बर में 20 एवं 21 नवम्बर 2023 को शिविर का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को नियत तिथि में संबंधित लिपिक के साथ समस्त दस्तावेज/ प्रकरण के साथ उपस्थित होकर पेंशन/वेतन निर्धारण की जांच कराने हेतु कहा है।

### जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक संपन्न

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी की उपस्थिति में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं 2007 यथासंशोधन नियम 2012 के क्रियान्वयन के लिए आज कलेक्टोरेट के कक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक आयोजित की गई। अनुविभाग एवं विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम बघमल्ला में वितरित वन अधिकार पट्टो में रकबा एवं खसरा में त्रुटि संशोधन करने हेतु प्रस्ताव रखा गया, जिसमें कुल 152 पट्टों में त्रुटि संशोधन हेतु प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य कैलाश शक्राजीत नायक, तुलसी विजय बसंत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमानंद दैतारे, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग और डीएफओ बलौदाबाजार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

### सहायक शिक्षक अनुपमा मिंज निलंबित

**कोरबा (आरएनएस)।** कक्षा चौथी की छात्रा की पिटाई करने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अनुपमा मिंज, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला गोढ़ी, विकासखण्ड कोरबा को बीईओं कोरबा के जांच प्रतिवेदन के आधार पर छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 तथा नियम 10 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय कोरबा निर्धारित करने के साथ नियमानुसार जीवन निर्वाह की पात्रता प्रदान की गई है।

### सूखानाला बैराज कार्य के लिए 40.70 करोड़ रूपए की स्वीकृति

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड-डोंगरगांव की सूखानाला बैराज की मुख्य नहर का सी.सी. लाईनिंग एवं लघु नहरों का निर्माण कार्य के लिए 40 करोड़ 70 लाख 84 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रदान की गई है।

# जल जीवन मिशन का काम देखने छाल और हाटी क्षेत्र के गांवों में पहुंचे कलेक्टर, ग्रामीणों से लिया फीडबैक

- कलेक्टर ने चख के परखी रेडी टू ईट की गुणवत्ता
- स्कूल और छात्रावास में चल रहे निर्माण कार्य अगले शिक्षा सत्र के पहले करें पूरा-कलेक्टर सिन्हा



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा जिले में शासन की योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए नियमित रूप से विभागों के काम-काज की समीक्षा कर रहे हैं और जमीनी क्रियान्वयन देखने लगातार फील्ड का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में आज वे छाल व हाटी क्षेत्र के दौरे पर रहे है। यहां उन्होंने विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया और चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज छाल के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र में पहुंचकर कलेक्टर सिन्हा ने बच्चों से बात की। बच्चों से मिलने वाले नाश्ते और डाइट के बारे में पूछा। केंद्र में आने वाली बच्ची मानसी ने बताया कि आज नाश्ते में दलिया मिला था और चार्ट के अनुसार डाइट दिया जाता है। कलेक्टर सिन्हा ने आंगनबाड़ी में दिए जाने वाले पोषण आहार के बारे में जानकारी ली और बच्चों को दिए जाने वाले रेडी टू ईट को चख के उसकी गुणवत्ता परखी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने व गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने तरेकेला गांव में जल जीवन मिशन का काम देखने पहुंचे। यहां उन्होंने पंचायत भवन के पास लगे नल को चालू कर वाटर सप्लाई का जायजा लेने के साथ ही वहां मौजूद ग्रामीणों से चर्चा कर गांव में हुए काम का फीडबैक लिया। ग्रामवासियों ने बताया कि गांव में लगभग 600 घर हैं। यहां योजना का कार्य पूरा कर लिया गया। ऊपर मोहल्ले में सोलर आधारित प्रोजेक्ट शुरू होने जा रहा है। इसके लिए सर्वे कर लिया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने काम जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने धरमजयगढ़ विकासखंड में जल जीवन मिशन में अब तक जारी टेंडर और वर्क ऑर्डर की जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने सभी वर्क ऑर्डर जारी कर काम जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि काम की गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल, सीईओ जनपद धरमजयगढ़ एस.सी.कछवाहा उपस्थित रहे।

**छात्रावास में स्वच्छता पर दें विशेष ध्यान-** कलेक्टर सिन्हा ने हाटी के कन्या छात्रावास का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने छात्रावास परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने परिसर में साफ -सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कमरों के साथ परदे, चादर की नियमित धुलाई करवाने के लिए अधीक्षिका को निर्देशित किया। कलेक्टर सिन्हा ने हॉस्टल के किचन का निरीक्षण किया और बच्चों को मिलने वाले खाने व नाश्ते की भी जानकारी ली। उन्होंने बच्चियों के नियमित स्वास्थ्य जांच के निर्देश दिए। छात्रावास परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि यहां बच्चियां रहती हैं, अत: उनकी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए। छात्रावास में हमेशा जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद रहें। कलेक्टर सिन्हा ने इसके अलावा कुडेकेला में बालक छात्रावास के नए भवन का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने ठेकेदार से अब तक हुए कार्य की जानकारी ली। बताया गया कि यहां प्लास्टर का काम हो चुका है अब फिनिशिंग का काम चल रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगले शिक्षा सत्र से पहले यहां कार्य पूरा कर लिया जाए।

**अगले शिक्षा सत्र से पहले पूर्ण करें स्कूल की मरम्मत-** हाटी प्रवास के दौरान कलेक्टर सिन्हा ने यहां के हायर सेकेंडरी स्कूल का भी निरीक्षण किया। इस स्कूल का अगले शिक्षा सत्र से स्वामी आत्मानंद विद्यालय में उन्नयन होने का रहा है। स्कूल भवन की मरम्मत की जानी है। इसके साथ ही यहां पृथक से लैब और लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर सिन्हा ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा कि काम अगले शिक्षा सत्र से पहले पूरा करना है। उन्होंने क्लासरूम का भी काम करने के निर्देश दिए।

## नेतनागर में 10 वर्ष पहले हो चुका है भू-अर्जन, अधिग्रहित भूमि पर ही विभाग करवा रहा नहरों का काम

- मुआवजा भी जारी, चेक बांटने कैंप भी लगाए गए
- नहरों का निर्माण शासकीय कार्य, बाधा पहुंचाने पर होता है कानूनी कार्यवाही का प्रावधान

**रायगढ़।** केलो परियोजना का कार्य 2009 से शुरू हुआ है। इसमें बांध के साथ नहरों के निर्माण के लिए वर्षो पहले भू-अर्जन किया जा चुका है। जिसके लिए किसानों को मुआवजा भी वितरित किया गया है। परियोजना में सभी प्रकार की नहरें मिलाकर कुल 313 कि.मी. की नहरें बनाई जानी है। जिसमें से 248 किमी की नहरें बन चुकी हैं। इसके लिए किसानों से भूमि अधिग्रहित करने तथा उनको मुआवजा वितरित करने के बाद ही विभाग द्वारा काम किया गया।

इसी प्रकार पुसौर तहसील के ग्राम नेतनागर के बारे में जानकारी देते ईई केलो परियोजना पी. आर.फूलेकर ने बताया कि नेतनागर में भी भू-अर्जन करीब 10 साल पहले 2013 में ही हो गया है। जिसका मुआवजा तैयार कर विभाग द्वारा जारी भी किया जा चुका है। इसे बांटने के लिए गांव में कई बार कैंप भी लगाया गया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जिस भूमि पर कार्य करवाया जा रहा है उसे वर्षों पहले अधिग्रहित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नहरों का निर्माण शासकीय परियोजना के तहत किया जा रहा है जिसे पूरा करने के लिए दिसंबर 2023 की समय-सीमा तय की गयी है। उन्होंने कहा कि यह शासकीय कार्य है इसमें बाधा पहुंचाने पर कानूनी कार्यवाही का भी प्रावधान होता है।

केलो वृहत परियोजना की शुरुआत 2009 में हुई थी। इसकी लागत 891 करोड़ रुपए है। इसमें केलो डैम के निर्माण के साथ ही मुख्य नहर, शाखा और वितरक नहरों का निर्माण शामिल है। परियोजना में नहरों का काम 80 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है। शेष कार्य को पूरा किया जा रहा है। जिससे परियोजना पूर्ण हो तथा नहरों के माध्यम से 175 गांवों तक सिंचाई के साथ पेयजल और निस्तारी के लिए पानी पहुंचाने की योजना क्रियान्वित हो सके।

## रामनवमी शोभायात्रा की सुरक्षा में तैनात होंगे 2 डीएसपी, 7 टीआई के साथ 350 से अधिक जवान

- सीसीटीवी कैमरा से भी रखी जाएगी विशेष निगरानी

**रायगढ़।** 30 मार्च को रामनवमी शोभायात्रा में 350 से अधिक वर्दीधारी पुलिस अधिकारी और जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात होंगे, इसके अलावा करीब 50 की संख्या में प्राइवेट सिक्योरिटी कंपनियों के गार्डों को वॉलिंटियर्स के रूप में ड्यूटी लिया जावेगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के स्वयं की मॉनिटरिंग पर एडिशनल एसपी संजय महादेवा को सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिनके सहायतार्थ डीएसपी (आईयूसीएडब्ल्यू) निकिता तिवारी तथा हेड क्वार्टर डीएसपी बेनेडिक्ट मिंज होंगे। शोभायात्रा में जुलुस के आगे-पीछे, दांये-बांये अलग-अलग टीआई जवानों के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। शहर के सभी थाना प्रभारियों के अलावा थाना खरसिया, पूंजीपथरा, तमनार और पुसौर के थाना प्रभारी भी उनके थाने के बल के साथ शहर में श्रीराम शोभायात्रा कि ड्यूटी में लगाया गया है।

इसके अलावा रक्षित केंद्र, 6वीं बटालियन, नगर सेना के रिजर्व फोर्स तथा निजी सुरक्षा कंपनियों के करीब 50 गार्ड भी जुलूस में ड्यूटी करेंगे। यातायात व्यवस्था को लेकर यातायात पुलिस की 4 विशेष पेट्रोलिंग शोभायात्रा के रूट क्लीयर करती चलेगी। पुलिस की 2 एडी स्क्वाड की टीम जुलुस में व्यवस्था बिगाडने वालों पर तत्काल कार्यवाही करेगी। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन से भी जुलूस में निगरानी रखा जावेगा। सादी वर्दी में साइबर सेल और महिला सेल के पुलिस जवान तैनात होंगे। शोभा यात्रा को लेकर प्रशासन, पुलिस विभाग के साथ स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, बिजली विभाग, अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड पर हैं।

शोभायात्रा को लेकर प्रशासन व पुलिस बेहद गंभीर हैं, विदित हो कि शोभायात्रा को लेकर आयोजन समिति के सदस्यगण के साथ अधिकारियों की मीटिंग में शोभायात्रा का समाप्ति समय रात्रि 10 बजे, हथियारों के प्रदर्शन की मनाही, वॉलिंटियर उपलब्ध कराने तथा पावर जोन प्रतिबंधित करने समेत अस्पताल, मस्जिद व चिन्हिंकित स्थानों पर डीजे साउंड कम करने पर सहमति बनी थी जिस संबंध में आयोजन समिति के सदस्यों को पुन: मीटिंग में हुई चर्चा के विषयों का पालन करने बताया गया है।

रात्रि 10 बजे के बाद बजने वाले डीजे पर पुलिस कार्यवाही करेगी। कल शोभायात्रा में जुटने वाली भीड़ को देखते हुए पुन: यातायात पुलिस द्वारा शोभायात्रा रूट आमजन को प्रसारित कर निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ी करने व सुगम यातायात में सहयोग की अपील किया गया है।

## छाल से हाटी सड़क का काम देखने पहुंचे कलेक्टर सिन्हा

- सड़कों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता, बढ़ाएं काम की स्पीड-कलेक्टर सिन्हा
- सड़क निर्माण पर कल बैठक लेने के बाद आज फील्ड में काम देखने निकले कलेक्टर
- उर्दना के पास तत्काल काम शुरू करने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा जिले में सड़कों का निर्माण जल्द पूरा हो इसके लिए चल रहे कार्यों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। गत दिवस सड़क निर्माण के संबंध में ठेकेदारों की बैठक लेने के बाद आज उन्होंने फील्ड में जाकर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर सिन्हा ने छाल से हाटी के बीच चल रहे काम के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने सड़क निर्माण का बारीकी से जायजा लेते हुए ठेकेदार से अब तक हुए कार्य का सारा ब्यौरा लिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि काम तेजी से पूरा करें और काम की क्वालिटी से कोई समझौता नहीं चलेगा।

सड़क निर्माण को लेकर कलेक्टर सिन्हा ने गत दिवस सभी ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की बैठक भी ली थी। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि सड़कों के काम की रफ्तार बढ़ाने की जरूरत है। गर्मी का मौसम सड़कों को बनाने का सबसे अनुकूल समय होता है। इसका अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए सभी ठेकेदार सड़कों का काम पूरा करें। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जिले में सड़कों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। सभी प्रमुख सड़कों में काम चल रहा है, अत: सभी ठेकेदार तेजी से कार्य पूर्ण करें। जिससे यातायात जल्द व्यवस्थित हो। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, अपर कलेक्टर राजीव पांडे, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त भी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने बारी-बारी सभी सड़कों के निर्माण की समीक्षा की थी। उन्होंने खरसिया से छाल, छाल से हाटी, हाटी से धरमजयगढ़ और पत्थलगांव से धरमजयगढ़ तक सड़क निर्माण के वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी ली। यहां अलग अलग पैचेज में डबल्यूएमएम और जीएसबी का काम चल रहा है। वहीं जामपाली से घरघोड़ा, घरघोड़ा से पूंजीपथरा और पूंजीपथरा से रायगढ़ तक चल रहे कार्यों की भी उन्होंने जानकारी ली। इन मार्गों पर भी डीबीएम और डबल्यूएमएम किए जाने की जानकारी दी गयी। इसी प्रकार छाल से घरघोड़ा और घरघोड़ा से लैलूंगा मार्ग में अलग अलग पैचेस में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गयी। कलेक्टर सिन्हा ने सभी जगहों पर काम में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़कों का काम सबसे प्राथमिकता में लेकर किया जा रहा है। कहीं पर किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल अधिकारियों को सूचित करें। जिससे उसका निराकरण कर काम शुरू करवाया जा सके।

इस दौरान खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह सहित पीडब्ल्यूडी और अन्य निर्माण एजेंसी के अधिकारी व ठेकेदार उपस्थित रहे।

**उर्दना में तत्काल काम शुरू कराने के निर्देश-** बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने उर्दना के समीप बनने वाली सड़क के निर्माण को जल्द शुरू कराने के निर्देश ठेकेदार को दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शहर के बाहर उर्दना के समीप ट्रैफिक का काफी दबाव होता है। ऐसे में यहां का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। कलेक्टर सिन्हा के निर्देश के बाद ठेकेदार ने कहा कि परसों से काम शुरू कर दिया जाएगा।

## युवक ने की नाबालिग पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार




**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर जिले के तिल्दा-नेवरा थानक्षेत्र में एक पति ने अपनी नाबालिग पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, तिल्दा के अटल आवास वार्ड 22 में रहने वाले सागर निर्मलकर और उसकी पत्नी के बीच मंगलवार रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद बुधवार सुबह घर की छत पर सागर ने गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची नेवरा पुलिस ने आरोपी सागर निर्मलकर को गिरफ्तार कर लिया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को मौके से कुद दतावेज मिले हैं जिसके अनुसार मृतका अभी नाबालिग है। बताया जा रहा है कि आरोपी पति सागर निर्मलकर हत्या के केस में पहले भी जेल जा चुका है और उसने कुछ महीने पहले ही मृतका के साथ प्रेम विवाह किया था। फिलहाल नेवरा पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है।

## बूढ़ी माई मंदिर के पास कोतवाली पुलिस के हाथ आया शातिर बाइक चोर

- बाइक का नंबर प्लेट बदलकर बेचने की फिराक में था आरोपी



**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस द्वारा आज दोपहर बुढ़ी माई मंदिर के पास एक बाइक चोर को चोरी की बाइक बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश करते समय पकड़ा गया है। आरोपी बुधराम चौहान पिता हरिहर चौहान उम्र 29 वर्ष निवासी बंगलापारा वार्ड क्रमांक 39 थाना कोतवाली रायगढ़ के द्वारा 3 दिसंबर 2022 को संजय मार्केट से मोटरसाइकिल होंडा ड्रीम युगा क्रमांक सीजी 12 ए.जे. 3853 को चोरी कर घर में छिपा कर रखा था। आरोपी मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट बदल कर मोटरसाइकिल को बेचने ग्राहक की तलाश में था। मोटर सायकल चोरी के संबंध में थाना कोतवाली में बाइक मालिक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। आज सुबह कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शनिप रात्रे को उनके सक्रिय मुखबिर ने सूचना दिया कि बंगलापारा के पास एक व्यक्ति मोटरसाइकिल बेचने ग्राहक तलाश रहा है जिस पर तत्काल कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर जाकर संदेही को हिरासत में ली जो पूछताछ में अपना नाम बुधराम चौहान बताया। आरोपी के पास से मोटरसाइकिल ड्रीम योगा की जब्ती की गई है जिसके नंबर प्लेट को आरोपी अपने घर में छिपा रखा था जिसे भी पुलिस आरोपी के मेमोरेंडम पर जब्ती की है जिसे आज बाइक चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। शातिर बाइक चोरी के आरोपी की पतासाजी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक दिलीप भानु, नरेंद्र यादव और आरक्षक सुशील मिंज की प्रमुख भूमिका रही है।

## महिला सशक्तिकरण में रायगढ़ का नाम देश में रोशन करने के लिए एसएसपी व महिला पुलिस अधिकारियों ने किया याशी और उसके माता-पिता का सम्मान

- रायगढ़ की पर्वतारोही याशी जैन को माउंट एवरेस्ट फतेह के लिए रायगढ़ पुलिस ने दी शुभकामनाएं



**रायगढ़।** जिले की पर्वतारोही याशी जैन नित-प्रतिदिन पर्वतारोहण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। अब तक याशी 3 महाद्वीप के कई उंचे पर्वत शिखर पर तिरंगा लहराकर "बेटी बचाव बेटी पढ़ावो" का नारा बुलंद कर चुकी है जिसे महामहिम राज्यपाल द्वारा "वीरांगना पुरस्कार" से भी पुरस्कृत किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक याशी आगामी कुछ दिनों में विश्व के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एवरेस्ट फतेह के लिए जाने वाली है। याशी को उसके अभियान के लिये जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व प्रतिष्ठित नागरिकों की ओर से सहयोग राशि और शुभकामनाएं दी जा रही है। इसी क्रम में रायगढ़ पुलिस की महिला ब्रिगेड द्वारा रायगढ़ की बेटी याशी को महिला सशक्तिकरण के लिये सम्मानित करने एसएसपी सदानंद कुमार से चर्चा किया गया। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा महिला पुलिस अधिकारियों के विचार की सराहना किये जिस पर आज याशी जैन और उसके अभिभावक को पुलिस कार्यालय आमंत्रित किया गया था। याशी अपने माता-पिता के साथ पुलिस कार्यालय पहुंची। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार से चर्चा में याशी जैन ने अपने अब तक के अचीवमेंट और अपने माउंट एवरेस्ट की तैयारियों के बारे में बताई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा याशी को उसके अगले टारगेट के लिए शुभकामनाओं के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। वहीं याशी के माता पिता को उनके पुत्री के पर्वतारोहन की प्रतिभा को आगे बढ़ाने अन्य लोगों के लिये प्रेरणादायक कार्य के फलरूवरूप उन्हें भी प्रशस्ति पत्र एवं शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया है।

जिला पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा व जागरूकता के लिए चलाए जा रहे "अभिव्यक्ति अभियान" से जुड़ी महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में याशी जैन को उसके अभियान के लिए प्रोत्साहन राशि भेंट कर शुभकामनाएं दिया गया है। इस अवसर एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय, एसडीओपी धर्मजयगढ़ दीपक मिश्रा, डीएसपी (आईयुसीएडब्लु) निकिता तिवारी, उपनिरीक्षक संतरा चौहान, उपनिरीक्षक (एम) मनोरमा बहिदार, उपनिरीक्षक (एम) द्रौपदी पटेल, महिला सेल प्रभारी एएसआई मंजु मिश्रा, थाना प्रभारी अजाक एएसआई सरस्वती महापात्रे, एएसआई कुसुम कैवर्त, एएसआई (एम) रूपा ठाकुर, प्रधान आरक्षक रेणु मंडावी तथा अन्य पुलिसकर्मी के साथ मीडिया साथी भी मौजूद थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480